केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद
अखिल भारतीय हिंदी टिप्पण तथा प्रारूप लेखन प्रतियोगिता
(वर्ष–2025–26) दिनांक 26 नवम्बर, 2025

समय : 2 घंटे पूर्णांक : 100

टिप्पणी :– कृपया उत्तर पुस्तिका में प्रारम्भ में अपना पूरा नाम, पदनाम, कार्यालय का पूरा पता (पिन कोड सहित), दूरभाष तथा मातृभाषा अवश्य लिखें।

प्रश्न 1. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही 10 के अंग्रेजी पर्याय लिखिए : (अंक 10)

(1) पदाधिकारी (2) पुरातत्व (3) निष्कर्ष (4) पाक्षिक (5) अवैतनिक (6) विकेन्द्रीकरण (7) बहुमत (8) छटनी (9) विधिमान्य (10) अधिशेष (11) मानक (12) अधिकरण (13) गहन

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही 10 के हिन्दी पर्याय लिखिए : (अंक 10)

(1) Census (2) Domicile (3) Complimentary (4) Conduct (5) Defacto (6) Assets (7) Authentic (8) Standing Instruction (9) Uniformity (10) Voluminous (11) Invariable (12) Vidimus (13) Strategy.

प्रश्न 2. आपके स्टेशन के माल गोदाम पर काफी ऐसा माल इकट्ठा हो गया है जिसके भेजने और पाने वाले का पता नहीं है । उस माल को समाचार पत्रों में सूचना देकर नीलाम करने का प्रस्ताव है । इस संबंध में समाचार पत्रों में दिए जाने वाले विज्ञापन का मसौदा तैयार कीजिए ।

(अंक 15)

प्रश्न 3. श्री मोहन कुमार, सहायक अभियन्ता 60 दिन की अर्जित छुट्टी पर गए थे लेकिन वह 10 दिन बाद ही कार्य पर वापस आ गए । उन्हें कार्य संभालने की आज्ञा देनी है तथा शेष छुट्टी का आदेश बदलना है और 60 दिन की अर्जित छुट्टी के दौरान उनकी जगह जिस अधिकारी को कार्य पर लगाया गया था उसे वापस भेजना है । इस संबंध में जारी किए जाने वाले कार्यालय आदेश का प्रारूप तैयार कीजिए ।

(अंक 10)

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्ही दो पर संक्षिप्त लेख लिखिए : (अंक 20)

(क) भारतीय संस्कृति की विश्व को देन

(ख) जन कल्याण संबंधी सरकारी नीतियां और उनका कार्यान्वयन

(ग) महानगरों में यातायात की समस्या

प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्ही दो पर टिप्पणियां लिखिए : (अंक 10)

(क) भारतीय नागरिकों में नैतिकता का ह्रास

(ख) संत कबीर

(ग) हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाएं

कृ.प.प.

प्रश्न 6. ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करने के संबंध में केन्द्रीय सरकार की ओर से सभी राज्यों को सहायता के रूप में धनराशि दी गई थी किन्तु अभी तक अधिकांश राज्यों से जानकारी प्राप्त नहीं हुई है कि सहायतार्थ राशि किस प्रकार खर्च की गई है और कितनी शेष है । इन राज्यों के शिक्षा सचिव से रिपोर्ट मंगवाने के लिए टिप्पणी लिखिए ।

(अंक 20)

प्रश्न 7. । निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :–

1. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को राजभाषा विभाग द्वारा किस क्षेत्र में रखा गया है ।
2. नराकास का पूरा नाम क्या हैं ?
3. नेपाली भाषा की लिपि क्या है ?
4. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन वर्ष में कितनी बार किया जाता है ।
5. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कुल कितनी भाषाएं सम्मिलित हैं ?

(अंक 5)